Q.no. 12 is cancelled. M.A. Hindi

Question Booklet No.

# 10P/237/31

*(To be filled up by the candidate by blue/black ball-point pen)*

**Roll No.** | | | | | | | | |

**Roll No. (Write the digits in words)** ..........................................................................................

**Serial No. of Answer Sheet** ..........................................

**Day and Date** .................................................................. ..........................................

**( Signature of Invigilator )**

## INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

(Use only ***blue/black ball-point pen*** in the space above and on both sides of the **Answer Sheet**)

1. Within 10 minutes of the issue of the Question Booklet, check the Question Booklet to ensure that it contains all the pages in correct sequence and that no page/question is missing. In case of faulty Question Booklet bring it to the notice of the Superintendent/Invigilators immediately to obtain a fresh Question Booklet.
2. Do not bring any loose paper, written or blank, inside the Examination Hall ***except the Admit Card without its envelope.***
3. ***A separate Answer Sheet is given. It should not be folded or mutilated. A second Answer Sheet shall not be provided. Only the Answer Sheet will be evaluated.***
4. Write your Roll Number and Serial Number of the Answer Sheet by pen in the space prvided above.
5. ***On the front page of the Answer Sheet, write by pen your Roll Number in the space provided at the top and by darkening the circles at the bottom. Also, wherever applicable, write the Question Booklet Number and the Set Number in appropriate places.***
6. ***No overwriting is allowed in the entries of Roll No., Question Booklet no. and Set no. (if any) on OMR sheet and Roll No. and OMR sheet no. on the Queston Booklet.***
7. ***Any change in the aforesaid entries is to be verified by the invigilator, otherwise it will be taken as unfairmeans.***
8. ***Each question in this Booklet is followed by four alternative answers. For each question, you are to record the correct option on the Answer Sheet by darkening the appropriate circle in the corresponding row of the Answer Sheet, by pen as mentioned in the guidelines given on the first page of the Answer Sheet.***
9. For each question, darken only one circle on the Answer Sheet. If you darken more than one circle or darken a circle partially, the answer will be treated as incorrect.
10. *Note that the answer once filled in ink cannot be changed. If you do not wish to attempt a question, leave all the circles in the corresponding row blank (such question will be awarded zero marks).*
11. For rough work, use the inner back page of the title cover and the blank page at the end of this Booklet.
12. Deposit both the ***Question Booklet*** and the ***Answer Sheet*** at the end of the Test.
13. You are not permitted to leave the Examination Hall until the end of the Test.
14. If a candidate attempts to use any form of unfair means, he/she shall be liable to such punishment as the University may determine and impose on him/her.

**Total No. of Printed Pages :32** *[उपर्युक्त निर्देश हिन्दी में अन्तिम आवरण पृष्ठ पर दिये गए हैं।]*

## ROUGH WORK
रफ़ कार्य

# 10P/237/31

**No. of Questions : 150**

**प्रश्नों की संख्या : 150**

***Time : 2 Hours*** ***Full Marks : 450***

***समय : 2 घण्टे*** ***पूर्णाङ्क : 450***

**Note :** (1) Attempt as many questions as you can. Each question carries **3 (Three)** marks. ***One mark will be deducted for each incorrect answer***. Zero mark will be awarded for each unattempted question.

अधिकाधिक प्रश्नों को हल करने का प्रयत्न करें। प्रत्येक प्रश्न **3 ( तीन )** अंक का है। ***प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक अंक काटा जायेगा।*** प्रत्येक अनुत्तरित प्रश्न का प्राप्तांक शून्य होगा।

(2) This paper comprises of **three** sections.

यह प्रश्नपत्र **तीन** खण्डों का है।

**01.** 'उत्तर अपभ्रंश' को 'पुरानी हिन्दी' मानने वाले प्रथम विद्वान कौन थे ?

(1) राहुल सांकृत्यायन (2) रामकुमार वर्मा

(3) हजारी प्रसाद द्विवेदी (4) चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी'

**02.** कवियों के नाम पर हिन्दी साहित्य का काल विभाजन करने वाले विद्वान हैं –

(1) आर० रामचन्द्र शुक्ल (2) डॉ० गणपति चन्द्र गुप्त

(3) मिश्र बंधु (4) डॉ० रामकुमार वर्मा

**03.** कौन सा रासो काव्य 'आल्हखंड' के नाम से भी जाना जाता है ?

(1) बीसलदेव रासो (2) परमाल रासो

(3) खुमाण रासो (4) हम्मीर रासो

**04.** आदिकाल को 'अपभ्रंश काल' किसने कहा ?

(1) धीरेन्द्र वर्मा (2) राम कुमार वर्मा (3) राम विलास शर्मा (4) श्यामसुन्दर दास

**05.** संत काव्य को आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने किस नाम से अभिहित किया है ?

(1) संत काव्य परम्परा (2) निर्गुण भक्ति धारा

(3) निर्गुण ज्ञानाश्रयी शाखा (4) निर्गुण भक्ति साहित्य

**06.** कृष्णभक्ति धारा के अन्तर्गत आते हैं –

(1) सभी ब्रजभाषा कवि (2) भक्तिकाल के कवि

(3) अष्टछाप के कवि (4) सभी श्रृंगारी कवि

**07.** 'रासपंचाध्यायी' के रचयिता हैं—

(1) तुलसीदास (2) सूरदास (3) नन्ददास (4) अग्रदास

**08.** निम्न में रीतिमुक्त कवि कौन हैं ?

(1) देव (2) मतिराम (3) बोधा (4) पद्माकर

**09.** निम्न में कौन द्विवेदीयुगीन कवि के रूप में ख्यात है ?

(1) राम नरेश त्रिपाठी (2) पं अम्बिका दत्त 'व्यास'

(3) रामेश्वर शुक्ल अंचल (4) भारतभूषण अग्रवाल

**10.** 'सखा प्यारे कृष्ण के गुलाम राधारानी के' – पंक्ति के रचनाकार हैं –

(1) रसखान (2) भारतेन्दु (3) हरिऔध (4) रत्नाकर

**11.** निम्न में किस कवि की रचना का समावेश 'दूसरा सप्तक' में नहीं है –

(1) रघुवीर सहाय (2) धर्मवीर भारती (3) कुँवर नारायण (4) नरेश मेहता

**12.** सामाजिक यथार्थवाद के नाम पर कविता में कौन सा आन्दोलन चलाया गया ?

(1) नकेनवाद (2) मार्क्सवाद (3) प्रयोगवाद (4) प्रगतिवाद

**13.** 'नागार्जुन' का वास्तविक नाम क्या था ?

(1) बैजू मिश्र (2) बैद्यनाथ मिश्र

(3) नामदेव मिश्र (4) बलदेव प्रसाद मिश्र

**14.** यथार्थवाद में किस प्रकार की दृष्टि की प्रधानता रहती है ?

(1) रूपकेन्द्रित (2) व्यक्ति केन्द्रित (3) वस्तु केन्द्रित (4) परम्परा केन्द्रित

**15.** दार्शनिक महाकाव्य के रूप में प्रसाद की कौन सी कृति प्रसिद्ध है ?

(1) कामायनी (2) झरना (3) आँसू (4) प्रेमपथिक

**16.** 'राम की शक्तिपूजा' की मूलकथा कहाँ से ग्रहण की गई है—

(1) रामायण (2) रामचरित मानस

(3) कृतिवासी रामायण (4) कम्ब रामायण

**17.** 'नव भारत टाइम्स' का सम्पादन किस लेखक ने किया था ?

(1) महावीर प्रसाद द्विवेदी (2) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(3) कुबेरनाथ राय (4) विद्यानिवास मिश्र

**18.** 'विभावानुभाव संचारी संयोगाद्रसनिष्पति:' उक्ति किसकी है ?

(1) भामह (2) मम्मट (3) भरत (4) अभिनव गुप्त

**19.** 'अलंकार सम्प्रदाय' के प्रवर्तक हैं –

(1) दण्डी (2) भामह (3) मम्मट (4) भरत

**20.** आचार्य क्षेमेन्द्र द्वारा प्रवर्तित सिद्धान्त का नाम है –

(1) औचित्य (2) रीति (3) वक्रोक्ति (4) ध्वनि

**21.** तुलसीदास कृत कवितावली में कितने काण्ड हैं ?

(1) पाँच (2) छ: (3) सात (4) आठ

**22.** निम्न में कौन सा व्यंजन पार्श्विक ध्वनि का उदाहरण है ?

(1) र (2) ल (3) ढ़ (4) श

**23.** 'विनय पत्रिका' की भाषा है –

(1) अवधी (2) ब्रजभाषा (3) कन्नौजी (4) बघेली

**24.** जहाँ उपमान के अभाव के कारण उपमेय ही उपमान का स्थान ले लेता है, वहाँ कौन सा अलंकार होता है ?

(1) विशेषोक्ति (2) विभावना (3) अनन्वय (4) प्रतीप

**25.** किस मात्रिक छन्द के प्रथम एवं तृतीय चरण में 12 - 12 मात्राएँ, द्वितीय तथा चतुर्थ चरण में 7 - 7 मात्राएँ होती हैं ?

(1) दोहा (2) सोरठा (3) रोला (4) बरवै

**26.** वीभत्स रस का स्थायी भाव है -

(1) जुगुप्सा (2) क्रोध (3) भय (4) उत्साह

**27.** बुन्देली और कन्नौजी बोली हिन्दी के किस उपभाषा वर्ग के अन्तर्गत आती है ?

(1) पूर्वी हिन्दी (2) पश्चिमी हिन्दी (3) राजस्थानी (4) पहाड़ी

**28.** हिन्दी भाषा में लिखा जाने वाला हिन्दी साहित्य का प्रथम इतिहास ग्रंथ है -

(1) हिन्दी साहित्य का इतिहास

(2) मिश्रबंधु विनोद

(3) हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास

(4) शिवसिंह सरोज

**29.** फोर्ट बिलियम कालेज का स्थापना वर्ष है—

(1) 1800 ई० (2) 1802 ई० (3) 1815 ई० (4) 1823 ई०

**30.** हिन्दी में यात्रा-साहित्य के प्रमुख लेखक हैं—

(1) रामवृक्ष बेनीपुरी (2) राहुल सांकृत्यायन

(3) वियोगी हरि (4) महादेवी वर्मा

**31.** साहित्य एकेडमी का प्रथम अध्यक्ष कौन था ?

(1) राधा कृष्णन (2) राजेन्द्र प्रसाद

(3) जवाहर लाल नेहरू (4) महादेवी वर्मा

**32.** 'काशी नागरी प्रचारिणी सभा' का स्थापना वर्ष है –

(1) 1893 ई० (2) 1900 ई० (3) 1903 ई० (4) 1905 ई०

**33.** 'परिमल' किसकी संस्था थी ?

(1) कवियों की (2) लेखकों की (3) कहानीकारों की (4) नए लेखको की

**34.** निम्न लेखकों में किसकी कहानी पर 'तीसरी कसम' फिल्म निर्मित हुई थी ?

(1) भगवती चरण वर्मा (2) फणीश्वरनाथ रेणु

(3) अमृत लाल नागर (4) राही मासूम रजा

**35.** हिन्दी के प्रचार-प्रसार हेतु महादेवी ने प्रयाग में किस संस्था की स्थापना की थी ?

(1) साहित्यकार सभा (2) साहित्य संगम

(3) साहित्यकार संसद (4) साहित्यिकी

**36.** 'थियोसोफिकल सोसाइटी' की स्थापना कब हुई थी ?

(1) 1850 ई० (2) 1875 ई० (3) 1880 ई० (4) 1900 ई०

**37.** अज्ञेय की किस रचना पर 'भारतीय ज्ञानपीठ' पुरस्कार प्राप्त हुआ ?

(1) कितनी नावों में कितनी बार (2) आँगन के पार द्वार

(3) बावरा अहेरी (4) हरी घास पर क्षण भर

**38.** 'प्रगतिशील लेखक संघ' का प्रथम अधिवेशन कहाँ सम्पन्न हुआ था ?

(1) कानपुर (2) पटना (3) लखनऊ (4) इलाहाबाद

**39.** राजभाषा अधिनियम कब पारित किया गया ?

(1) सन् 1963 (2) सन् 1964 (3) सन् 1962 (4) सन् 1961

**40.** निम्नलिखित में कौन सा राज्य हिन्दीतर भाषी है ?

(1) उत्तर प्रदेश (2) मध्य प्रदेश (3) बिहार (4) महाराष्ट्र

**41.** निम्न में कौन सा ऊष्म व्यंजन है ?

(1) ग (2) स (3) न (4) प

**42.** 'अनुखन माधव-माधव सुमिरइत सुन्दरि भेलि मधाई'- पंक्ति के लेखक हैं -

(1) बिहारी (2) रसखान (3) विद्यापति (4) मीराबाई

**43.** निम्न में कौन सा एक शब्द देशज है -

(1) दूध (2) खाट (3) कुम्हार (4) बालक

**44.** निम्नलिखित में कौन सा शब्द अविकारी है ?

(1) भारत (2) पढ़ना (3) तुम (4) विरुद्ध

**45.** ''केशव कहि न जाइ का कहिए' - पंक्ति के रचनाकार हैं -

(1) कबीरदास (2) तुलसीदास (3) केशवदास (4) नंददास

46. 'गोद लिए हुलसी फिरैं तुलसी सों सुत होय'- पंक्ति किस कवि की है -

(1) रहीम (2) मीरा बाई (3) तुलसीदास (4) सूरदास

47. प्रयोग की दृष्टि से सूक्ष्म अन्तर व्यक्त करने वाले शब्द कहलाते हैं -

(1) प्रयोगार्थक (2) समानार्थक (3) अनेकार्थक (4) विपरीतार्थक

48. रासो ग्रंथों की रचना किस काल में हुई है ?

(1) आदि काल (2) भक्ति काल (3) रीतिकाल (4) आधुनिक काल

49. निम्न में एक कवि 'अष्टछाप' के अन्तर्गत नहीं है—

(1) सूरदास (2) चतुर्भुजदास (3) कुम्भनदास (4) नाभादास

50. निम्नलिखित में किस कवि ने केवल 'अवधी' भाषा में रचना की है ?

(1) सूरदास (2) बिहारी (3) कबीर (4) जायसी

51. 'जुलूस' के रचयिता का नाम है -

(1) यशपाल (2) फणीश्वरनाथ रेणु

(3) अमृत लाल नागर (4) विभूति नारायण राय

52. किस रस का स्थायी भाव 'निर्वेद' है -

(1) करुण (2) अद्भुत (3) शान्त (4) वीभत्स

53. बाँधा था बिधु को किसने, इन काली जंजीरों से - (प्रसाद) उक्त उद्धरण में कौन सा अलंकार प्रयुक्त है ?

(1) उपमा (2) रूपक (3) प्रतीप (4) रुपकातिशयोक्ति

**54.** 'राम को देखकर मिथिलावासी प्रफुल्लित हो गए।' – वाक्य का अर्थ किस शब्द शक्ति से स्पष्ट होता है ?

(1) अभिधा (2) लक्षणा (3) व्यंजना (4) अभिधा+व्यंजना

**55.** निम्न में कौन लक्षणग्रंथ है ?

(1) कविप्रिया (2) गंगालहरी (3) वैराग्य संदीपिनी (4) प्रेमसागर

**56.** 'दु:ख की पिछली रजनी बीच
विकसता सुख का नवल प्रभात'
उद्धरण में कौन सा अलंकार है ?

(1) उत्प्रेक्षा (2) रूपक (3) अतिशयोक्ति (4) विरोधाभास

**57.** निम्नांकित में कौन ध्वनि दन्तोष्ठ्य है ?

(1) य (2) र (3) ल (4) व

**58.** कौन ध्वनि अघोष है ?

(1) ख (2) घ (3) ज (4) द

**59.** निम्नलिखित में कौन अल्पप्राण है ?

(1) क (2) ठ (3) फ (4) भ

**60.** चिड़िया आकाश में उड़ रही है। 'उड़ रही' कौन सी क्रिया है ?

(1) सकर्मक (2) अकर्मक (3) समापिका (4) असमापिका

**61.** हिन्दी किस भाषा परिवार के अन्तर्गत है ?

(1) द्रविण परिवार (2) काकेशी परिवार (3) भारोपीय परिवार (4) चीनी परिवार

**62.** किसमें विसर्ग सन्धि है ?

(1) अभ्यर्थी (2) देवेन्द्र (3) पवित्र (4) मनोहर

**63.** विशेषण और विशेष्य के योग से कौन समास बनता है ?

(1) द्वन्द्व (2) तत्पुरुष (3) कर्मधारय (4) बहुव्रीहि

**64.** किस समास में अन्य पद प्रधान होता है ?

(1) अव्ययी भाव (2) द्विगु (3) द्वन्द्व (4) बहुव्रीहि

**65.** मात्रा क्रम की दृष्टि से दोहा के ठीक विपरीत पड़ने वाले छन्द का नाम है –

(1) सोरठा (2) रोला (3) कवित्त (4) सवैया

**66.** संविधान की किस अनुसूची में भाषाओं का उल्लेख है ?

(1) छठीं (2) आठवीं (3) नवीं (4) दूसरी

**67.** 'भारत का भाषा सर्वेक्षण' ग्रंथ के लेखक हैं –

(1) जवाहर लाल नेहरू (2) ग्रियर्सन

(3) भोलानाथ तिवारी (4) डा० धीरेन्द्र वर्मा

**68.** निम्न में एक रीति मुक्त कवि **नहीं** है –

(1) घनानन्द (2) आलम (3) द्विजदेव (4) कवि ग्वाल

**69.** रहीम किस बादशाह के समकालीन थे ?

(1) अकबर
(2) शेरशाह सूरी
(3) अलाउद्दीन खिलजी
(4) बहादुरशाह जफ़र

**70.** गुरुग्रंथ साहब का रचनाकार है -

(1) रविदास
(2) भास
(3) सुन्दर दास
(4) अनेक भक्त कवियों की रचनाओं का संग्रह

**71.** निम्न में एक उपन्यास श्री लाल शुक्ल रचित है -

(1) विस्रामपुर का सन्त
(2) कस्बे का आदमी
(3) महामिलन
(4) सैरंध्री

**72.** 2009 का ज्ञानपीठ पुरस्कार किसे प्रदान किया गया ?

(1) लीलाधर जगूड़ी
(2) कैलाश बाजपेयी
(3) कुँवर नारायण
(4) मंगलेश डबराल

**73.** भाषायी आधार पर राज्यों का गठन किस सन् में हुआ ?

(1) 1948 (2) 1956 (3) 1950 (4) 1947

**74.** 'जनगण मन अधिनायक जय हे' - पहली बार कब और कहाँ गाया गया ?

(1) 27 दिसम्बर 1911-कलकत्ता
(2) 15 अगस्त 1947-दिल्ली
(3) 26 जनवरी 1950-हैदराबाद
(4) 02 अक्टूबर 1948-मैसूर

**75.** 'स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है' - के उद्घोषक थे -

(1) सुभाष चन्द्र बोस (2) बालगंगाधर तिलक

(3) गोपाल कृष्ण गोखले (4) लाला लाजपत राय

**76.** 'यामा' किसकी कविताओं का संग्रह है ?

(1) महादेवी (2) सुमित्रानंदन पन्त

(3) अज्ञेय (4) मुक्तिबोध

**77.** निम्न में एक कृति पर व्यास सम्मान प्राप्त है -

(1) झीनी-झीनी बीनी चदरिया (2) विस्रामपुर का सन्त

(3) टेढ़े-मेढ़े रास्ते (4) आगामी अतीत

**78.** लक्ष्यभाषा किसे कहते हैं ?

(1) जिसमें अनुवाद किया जाता है (2) जिससे अनुवाद किया जाता है

(3) जिसमें रचनाकार चिन्तन करता है (4) जो लेखक की मातृभाषा होती है

**79.** 'अंधायुग' किस पात्र को नायक बनाकर लिखा गया है ?

(1) युधिष्ठिर (2) गांधारी (3) अश्वत्थामा (4) धृतराष्ट्र

**80.** बल्लभ सम्प्रदाय का दर्शनिक सिद्धान्त क्या है ?

(1) शुद्धाद्वैत (2) विशिष्टाद्वैत (3) अद्वैत (4) द्वैत

**81.** निम्न में एक नामकरण रीतिकाल के लिए **नहीं** है -

(1) अलंकृत काल (2) श्रृंगार काल (3) कला कला (4) पूर्व मध्यकाल

**82.** 'स्नेह निर्झर बह गया, रेत ज्यों तन रह गया'– पंक्ति किस कवि की और किस रचना से है–

(1) प्रसाद–आँसू (2) निराला–अणिमा

(3) महादेवी–सांध्यगीत (4) अज्ञेय–बावरा अहेरी

**83.** 'मंगल भवन अमंगल हारी, द्रवहु सु दशरथ अजिर बिहारी' – में कौन सा छन्द है ?

(1) चौपाई (2) सोरठा (3) रोला (4) सवैया

**84.** 'न जाने नक्षत्रों से कौन निमंत्रण देता मुझको मौन'– में कौन सी प्रवृत्ति है ?

(1) रहस्यवाद (2) प्रकृतिवाद (3) सौन्दर्यवाद (4) आनन्दवाद

**85.** 'मादक थी मोहमयी थी, मन बहलाने की क्रीड़ा
अब हृदय हिला देती है, वह मधुर प्रेम की पीड़ा।'
उक्त पंक्तियों में है –

(1) करुण रस (2) शान्त रस (3) वियोग श्रृंगार (4) संयोग श्रृंगार

**86.** आचार्य वल्लभ को अपने भक्तिमार्ग का नाम 'पुष्टिमार्ग' रखने की प्रेरणा किस पुराण से प्राप्त हुई थी ?

(1) विष्णु पुराण (2) श्रीमद्भागवत पुराण

(3) ब्रह्मवैवर्त पुराण (4) पद्म पुराण

**87.** 'सो धनि बिरहै जरि मुई, तेहिक धुआँ हम्ह लाग' – किस रचना की पंक्ति है ?

(1) सती मयना (2) अखरावट (3) आखिरी कलाम (4) पद्मावत

**88.** 'अम्बर पनघट में डुबो रही, तारा घट उषा नागरी' – में कौन सा अलंकार है –

(1) उपमा (2) उत्प्रेक्षा (3) रूपक (4) विभावना

**89.** 'प्रेम प्रीति कौ बिरवा, चले लगाय,
सींचन की सुधि लजियौ, मुरझि न जाय ।।'
में कौन सा छन्द है ?

(1) बरवै (2) दोहा (3) रोला (4) सोरठा

**90.** 'जदपि सुजाति सुलच्छनी, सुबरन सरस सुवृत्त,
भूषन बिनु न विराजहीं, कविता वनिता मित्त।'
उक्त छंद में केशव काव्य का महत्त्वपूर्ण तत्व क्या मानते हैं ?

(1) रस (2) ध्वनि (3) अलंकार (4) वक्रोक्ति

**91.** ''वियोगी होगा पहला कवि, आह से उपजा होगा गान।
निकल कर आँखों से चुपचाप बही होगी कविता अनजान ।।'
पंक्तियों के कवि हैं –

(1) प्रसाद (2) पंत (3) निराला (4) महादेवी

**92.** 'काव्यस्यात्मा ध्वनिः' – का उद्घोषक आचार्य है –

(1) कुन्तक (2) क्षेमेन्द्र (3) आनन्द वर्द्धन (4) मम्मट

**93.** निम्न में एक काव्यहेतु **नहीं** है –

(1) प्रतिभा (2) व्युत्पत्ति (3) अभ्यास (4) यश

**94.** निम्न में एक काव्य प्रयोजन **नहीं** है –

(1) व्यवहार ज्ञान (2) शिवेतरक्षय (3) अर्थप्राप्ति (4) प्रतिभा

95. 'नहि पराग नहिं मधुर मधु नहिं विकास एहि काल'- उद्धरण में कौन सा काव्यप्रयोजन है ?

(1) अर्थार्जन (2) यश प्राप्ति

(3) कान्तासम्मित उपदेश (4) शिवेतरक्षय

96. 'चोखे-चौंपदे' के रचनाकार हैं -

(1) भारतेन्दु (2) हरिऔध

(3) माखनलाल चतुर्वेदी (4) मैथिलीशरण गुप्त

97. गोल्डस्मिथ के 'ट्रैवेलर' का हिन्दी काव्यानुवाद किस नाम से किया गया है ?

(1) एकान्तवासी (2) ऊजड़ ग्राम (3) श्रान्त पथिक (4) सहयात्री

98. छायावाद की समय सीमा मानी जाती है -

(1) 1900 - 1918 ई० (2) 1918 - 1936 ई०

(3) 1936 - 1943 ई० (4) 1943 - 1950 ई०

99. निम्न में एक एकांकी संग्रह राम कुमार वर्मा का **नहीं है** -

(1) पृथ्वी राज की आँखें (2) रेशमी टाई

(3) एकादशी (4) चारुमित्रा

100. निम्नांकित मे एक एकांकी संग्रह जगदीशचन्द्र माथुर का है -

(1) ओ मेरे सपने (2) स्त्री का हृदय (3) परदे के पीछे (4) धूम शिखा

**101.** 'देवसेना' प्रसाद के किस नाटक की नायिका है ?

(1) चन्द्रगुप्त (2) स्कंदगुप्त

(3) जनमेजय का नागयज्ञ (4) अजातशत्रु

**102.** 'कमीज' किस भाषा का शब्द है, जो हिन्दी शब्द-समूह में सम्मिलित हो गया है ?

(1) फ्रांसीसी (2) फारसी (3) चीनी (4) पुर्तगाली

**103.** निम्न संयुक्त शब्दों में एक सुमेलित **नहीं** है -

(1) अर्जीनवीस - अरबी + फारसी (2) रेल मंत्री - अंग्रेजी + संस्कृत

(3) राजमहल - संस्कृत + अरबी (4) शेयर बाजार - अंग्रेजी + स्पेनी

**104.** 'सिगरेट' शब्द किस यूरोपीय भाषा का है ?

(1) स्पेनी (2) फ्रांसीसी (3) अंग्रेजी (4) डच

**105.** 'मैथिल कोकिल' की उपाधि किसे दी गई है ?

(1) जयदेव (2) जगनिक (3) विद्यापति (4) मधुकर भट्ट

**106.** 'अभिनय' किस विधा का प्रमुख तत्त्व है ?

(1) उपन्यास (2) नाटक (3) कहानी (4) गद्यकाव्य

**107.** हरियाणवी या बाँगरू किस वर्ग की बोली है ?

(1) पश्चिमी हिन्दी (2) पूर्वी हिन्दी (3) केन्द्रीय हिन्दी (4) दक्खिनी हिन्दी

**108.** निम्नांकित में एक भाषा वैज्ञानिक **नहीं** है -

(1) सुनीति कुमार चटर्जी
(2) श्री निवास दास
(3) आचार्य नरेन्द्र देव
(4) उदयनारायण तिवारी

**109.** निम्न में एक कवि अवधी भाषा का **नहीं** है -

(1) रमई काका
(2) बलभद्र दीक्षित पढ़ीस
(3) वंशीधर शुक्ल
(4) जगदीश गुप्त

**110.** भोजपुरी, मैथिली और मगही बोलियों का संयुक्त नाम 'बिहारी' किसने रखा ?

(1) डॉ० ग्रियर्सन
(2) धीरेन्द्र वर्मा
(3) भोलानाथ तिवारी
(4) सुनीति कुमार चटर्जी

**111.** निम्न में एक युग्म सुमेलित **नहीं** है ?

(1) भामह - काव्यालंकार
(2) दण्डी - काव्यादर्श
(3) उद्भट - अलंकारसार संग्रह
(4) आचार्य भोज - साहित्यदर्पण

**112.** निम्न युग्मों में एक सुमेलित **नहीं** है -

(1) अनुकरण सिद्धान्त -प्लेटो
(2) उदात्त सिद्धान्त - लोन्जाइनस
(3) परम्परा सिद्धान्त क्रोचे
(4) कल्पना सिद्धान्त -कॉलरिज

**113.** निम्न में एक अष्टछापी कवि गो० विट्ठलनाथ के शिष्य हैं -

(1) कुंभनदास (2) चतुर्भुज दास (3) परमानन्द दास (4) कृष्णदास

**114.** 'लोक मंगल' के सबसे बड़े आख्याता कवि हैं -

(1) महाकवि तुलसीदास (2) सूरदास

(3) नरोत्तम दास (4) सुन्दरदास

**115.** 'हिय निर्गुन, नयनन्हि सगुन, रसना राम सुनाम' का आशय है -

(1) निर्गुण–सगुण समन्वय (2) निर्गुण की महत्ता

(3) सगुण का महत्त्व (4) नाम माहात्म्य

**116.** निम्न में एक रचना तुलसीदास की **नहीं** है -

(1) पार्वती मंगल (2) जानकी मंगल (3) साहित्य लहरी (4) राम लला नहछू

**117.** 'बतरस लालच लाल की मुरली धरी लुकाय।

सौंह करैं भौंहन हँसै, दैन कहै, नटि जाय'' - में कौन सा रस है ?

(1) श्रृंगार (2) हास्य (3) अद्‌भुत (4) भक्ति रस

**118.** 'रतन हजारा' के लेखक हैं -

(1) रसलीन (2) रसनिधि (3) देव (4) मतिराम

**119.** 'अति सूधो सनेह को मारग है जहाँ नैकु सयानप बाँक नहीं।' पंक्ति के कवि हैं -

(1) घनानंद (2) द्विजदेव (3) ठाकुर (4) नेवाज

**120.** 'द्विजदेव' का पूरा नाम है -

(1) बेनी बाजपेयी (2) राम सहाय

(3) नृप शम्भु (4) महाराज मानसिंह

**121.** 'श्रृंगार बत्तीसी' के रचनाकार हैं -

(1) बिहारी (2) बेनी प्रवीन (3) बेनी भट्ट (4) पद्माकर

**122.** हिन्दी का पहला पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन वर्ष है -

(1) 1830 ई० (2) 1834 ई० (3) 1826 ई० (4) 1854 ई०

**123.** राष्ट्रीय चेतना की कविताएँ लिखने का श्रेय सबसे अधिक किसको है ?

(1) हरिऔध (2) सत्यनारायण कवि रत्न

(3) राम नरेश त्रिपाठी (4) मैथिलीशरण गुप्त

**124.** 'निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल'- में भारतेन्दु किस भाषा के विकास एवं प्रचार-प्रसार की आकांक्षा व्यक्त करते हैं -

(1) हिन्दी खड़ी बोली (2) अवधी

(3) ब्रजभाषा (4) बुन्देली

**125.** आर्यसमाज का संस्थापक कौन है ?

(1) राजाराम मोहन राय (2) दयानन्द सरस्वती

(3) विवेकानंद (4) केशव चन्द्र सेन

**126.** 'केवल मनोरंजन न कवि का कर्म होना चाहिए'- पंक्ति के लेखक हैं -

(1) भारतेन्दु (2) प्रतापनारायण मिश्र

(3) मैथिलीशरण गुप्त (4) श्रीधर पाठक

**127.** निम्न युग्मों में एक सुमेलित **नहीं** है -

(1) धर्मवीर भारती - प्रमथ्यु गाथा

(2) भवानी प्रसाद मिश्र - गीत फरोश

(3) शमशेर बहादुर सिंह - एक पीली शाम

(4) गजानन माधव मुक्तिबोध - कविता की मौत

**128.** निम्नलिखित में एक उपन्यास 'अज्ञेय' का नहीं है -

(1) नदी के द्वीप (2) सूरज का सातवाँ घोड़ा

(3) शेखर: एक जीवनी (4) अपने-अपने अजनबी

**129.** निम्नांकित में एक काव्य संग्रह सर्वेश्वर दयाल सक्सेना का नहीं है -

(1) एक सूनी नाव (2) गर्म हवाएँ (3) ठंडा लोहा (4) कुआनो नदी

**130.** 'मैं अपनी एक मूर्ति बनाता और एक ढहाता हूँ और आप कहते हैं कि कविता की है'। कविता को निरन्तर परिमार्जित करने के प्रति यह दृष्टि किसकी है?

(1) रघुवीर सहाय (2) धूमिल (3) कुँवर नारायण (4) धर्मवीर भारती

**131.** 'मोचीराम' कविता के कवि हैं -

(1) नरेश मेहता (2) नरेश सक्सेना

(3) धूमिल (4) राजकमल चौधरी

**132.** निम्नलिखित कहानी और कहानीकारों के युग्म में एक अनमेल है -

(1) करवा का व्रत - यशपाल (2) चीफ़ की दावत - भीष्म साहनी

(3) रसप्रिया - रेणु (4) वापसी - कमलेश्वर

**133.** 'अरुण यह मधुमय देश हमारा' - प्रसाद की किस कृति का गीत है -

(1) चन्द्रगुप्त (2) पेशोला की प्रतिध्वनि

(3) शेर सिंह का शस्त्र समर्पण (4) स्कंदगुप्त

**134.** निम्न कहानीकारों में एक की गणना मनोविश्लेषणवादी कहानीकार के रूप में नहीं की जाती -

(1) जैनेन्द्र (2) विश्वम्भरनाथ शर्मा 'कौशिक'

(3) इलाचंद्र जोशी (4) अज्ञेय

**135.** निम्न में एक औपन्यासिक कृति 'नागार्जुन' की **नहीं** है -

(1) दुखमोचन (2) नई पौध

(3) टोपी शुक्ला (4) बाबा बटेसर नाथ

**136.** निम्न युग्मों में एक सुमेलित **नहीं** है -

*(1) लहरों का राजहंस - मोहन राकेश*

(2) कैलेण्डर का आखिरी पन्ना - राम कुमार वर्मा

(3) हानूश - भीष्म साहनी

(4) माधवी - जगदीश चन्द्र माथुर

**137.** 'वर्तमान साहित्य' के सम्पादक कौन हैं ?

(1) नमिता सिंह (2) ममता कालिया (3) मृदुला गर्ग (4) नासिरा शर्मा

**138.** निम्न लेखकों में एक ललित निबंधकार **नहीं** हैं –

(1) हजारी प्रसाद द्विवेदी (2) कुवेरनाथ राय

(3) विद्या निवास मिश्र (4) विष्णु कान्त शास्त्री

**139.** 'कृष्णायन' का रचयिता कौन है –

(1) मैथिलीशरण गुप्त (2) सियाराम शरण गुप्त

(3) द्वारिका प्रसाद मिश्र (4) बलदेव प्रसाद मिश्र

**140.** निम्नलिखित में एक व्यंग्यलेखक **नहीं** है –

(1) निर्मल वर्मा (2) हरिशंकर परसाई

(3) शरद जोशी (4) रवीन्द्र नाथ त्यागी

**141.** 'वाणभट्ट की आत्मकथा' की विधा क्या है ?

(1) आत्मकथा (2) उपन्यास (3) कहानी संग्रह (4) निबंध संग्रह

**142.** 'ने' परसर्ग का प्रयोग किस क्रिया रूप के साथ सम्भव होता है ?

(1) सामान्य वर्तमान (2) सम्भाव्य भविष्यत्

(3) सकर्मक भूतकालिक कृदन्त (4) सकर्मक वर्तमानकालिक कृदन्त

**143.** निम्न में एक वाक्य शुद्ध है –

(1) यह शोध प्रबन्ध विद्वत्तापूर्वक लिखा गया है।

(2) वे लोग परस्पर एक दूसरे से बातें कर रहे हैं।

(3) ज्यों ही मैं स्टेशन पहुँचा, वैसे ही गाड़ी चल दी।

(4) तुम लोग आपस में परस्पर झगड़ा कर रहे थे ।

**144.** 'उपकार न मानने वाले' को कहा जाता है –

(1) कृतज्ञ (2) कृतघ्न (3) कृतकार्य (4) उपकृत

**145.** निम्न में एक समुद्र का पर्यायवाची **नहीं** है :

(1) रत्नाकर (2) अर्णव (3) पयोधि (4) सरसिज

**146.** 'आर्त्त' शब्द का विलोम है –

(1) प्रीति (2) रीति (3) विरति (4) आसक्ति

**147.** जिसका पति परदेश-प्रवास पर गया हो, उसे कहते हैं –

(1) आगत पतिका (2) प्रोषित पतिका (3) प्रवत्स्यत्पतिका (4) विगतपतिका

**148.** विलोम की दृष्टि से एक युग्म असंगत है –

(1) आकर्षण – विकर्षण (2) आगामी – विगत

(3) आरोह – अवरोह (4) अंगीकार – स्वीकार

**149.** निम्न में एक शब्द तद्भव है-

(1) कर्ण (2) कान्ह (3) पत्र (4) अग्नि

**150.** 'काठ की हाँडी बार-बार नहीं चढती' - लोकोक्ति का भाव है -

(1) लकड़ी की हांडी की वास्तविकता जानना ।

(2) काठ की हांडी को आग पर एक बार चढ़ाना।

(3) छल-कपट से एक ही बार सफलता मिलना।

(4) लकड़ी की हांडी को आग पर नहीं चढ़ाना ।



1,500

ROUGH WORK

रफ़ कार्य

# अभ्यर्थियों के लिए निर्देश

*(इस पुस्तिका के प्रथम आवरण पृष्ठ पर तथा उत्तर-पत्र के दोनों पृष्ठों पर केवल नीली-काली बाल-प्वाइंट पेन से ही लिखें)*

1. प्रश्न पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के अन्दर ही देख लें कि प्रश्नपत्र में सभी पृष्ठ मौजूद हैं और कोई प्रश्न छूटा नहीं है। पुस्तिका दोषयुक्त पाये जाने पर इसकी सूचना तत्काल कक्ष-निरीक्षक को देकर सम्पूर्ण प्रश्नपत्र की दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लें।
2. परीक्षा भवन में ***लिफाफा रहित प्रवेश-पत्र के अतिरिक्त,*** लिखा या सादा कोई भी खुला कागज साथ में न लायें।
3. ***उत्तर-पत्र अलग से दिया गया है। इसे न तो मोड़ें और न ही विकृत करें। दूसरा उत्तर-पत्र नहीं दिया जायेगा। केवल उत्तर-पत्र का ही मूल्यांकन किया जायेगा।***
4. अपना अनुक्रमांक तथा उत्तर-पत्र का क्रमांक प्रथम आवरण-पृष्ठ पर पेन से निर्धारित स्थान पर लिखें।
5. ***उत्तर-पत्र के प्रथम पृष्ठ पर पेन से अपना अनुक्रमांक निर्धारित स्थान पर लिखें तथा नीचे दिये वृत्तों को गाढ़ा कर दें। जहाँ-जहाँ आवश्यक हो वहाँ प्रश्न-पुस्तिका का क्रमांक तथा सेट का नम्बर उचित स्थानों पर लिखें।***
6. ***ओ० एम० आर० पत्र पर अनुक्रमांक संख्या, प्रश्नपुस्तिका संख्या व सेट संख्या (यदि कोई हो) तथा प्रश्नपुस्तिका पर अनुक्रमांक और ओ० एम० आर० पत्र संख्या की प्रविष्टियों में उपरिलेखन की अनुमति नहीं है।***
7. ***उपर्युक्त प्रविष्टियों में कोई भी परिवर्तन कक्ष निरीक्षक द्वारा प्रमाणित होना चाहिये अन्यथा यह एक अनुचित साधन का प्रयोग माना जायेगा।***
8. ***प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के वैकल्पिक उत्तर के लिए आपको उत्तर-पत्र की सम्बन्धित पंक्ति के सामने दिये गये वृत्त को उत्तर-पत्र के प्रथम पृष्ठ पर दिये गये निर्देशों के अनुसार पेन से गाढ़ा करना है।***
9. प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए केवल एक ही वृत्त को गाढ़ा करें। एक से अधिक वृत्तों को गाढ़ा करने पर अथवा एक वृत्त को अपूर्ण भरने पर वह उत्तर गलत माना जायेगा।
10. ***ध्यान दें कि एक बार स्याही द्वारा अंकित उत्तर बदला नहीं जा सकता है। यदि आप किसी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं, तो संबंधित पंक्ति के सामने दिये गये सभी वृत्तों को खाली छोड़ दें। ऐसे प्रश्नों पर शून्य अंक दिये जायेंगे।***
11. रफ कार्य के लिए प्रश्न-पुस्तिका के मुखपृष्ठ के अंदर वाला पृष्ठ तथा उत्तर-पुस्तिका के अंतिम पृष्ठ का प्रयोग करें।
12. परीक्षा के उपरान्त ***प्रश्न-पुस्तिका एवं उत्तर-पत्र*** परीक्षा भवन में जमा कर दें।
13. परीक्षा समाप्त होने से पहले परीक्षा भवन से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।
14. यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करता है, तो वह विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दंड का/की, भागी होगा/होगी।